## सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड

# जमरानी बाँध बहुउद्देशीय परियोजना
# एवं
# सौंग बाँध पेयजल परियोजना
# हेतु आयोजित
# एच0पी0सी0 बैठक का एजेण्डा

(दिनांक 09 दिसम्बर, 2020)

## जमरानी बाँध बहुउद्देशीय एवं सौंग बाँध पेयजल परियोजना से सम्बन्धित उच्च स्तरीय समिति (High Power Committee/Steering Committee) के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये जाने वाले प्रकरण/विषय

सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण अनुभाग-02, उत्तराखण्ड शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1267/II(2)-2020-17(06)/2015, दिनांक 25.08.2020 एवं 1277/II(2)-2020-17(06)/2015, दिनांक 25.08.2020 के द्वारा प्रस्तावित जमरानी बाँध बहुउद्देशीय परियोजना एवं सौंग बाँध पेयजल परियोजना के समयबद्ध निर्माण हेतु समय-समय पर तकनीकी/वित्तीय एवं प्रशासनिक निर्णय लेने हेतु मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति (HPC/STEERING COMMITTEE) का निम्नानुसार गठन किया गया है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन | अध्यक्ष |
| 2. | प्रमुख सचिव/सचिव, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग | सदस्य सचिव/संयोजक |
| 3. | प्रमुख सचिव/सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग | सदस्य |
| 4. | प्रमुख सचिव/सचिव, ऊर्जा विभाग | सदस्य |
| 5. | प्रमुख सचिव/सचिव, वित्त विभाग | सदस्य |
| 6. | प्रमुख सचिव/सचिव, नियोजन विभाग | सदस्य |
| 7. | प्रमुख सचिव/सचिव, वन एवं पर्यावरण विभाग | सदस्य |
| 8. | प्रमुख सचिव/सचिव, सचिव, राजस्व विभाग | सदस्य |
| 9. | प्रमुख सचिव/सचिव, न्याय विभाग | सदस्य |

### जमरानी बाँध बहुउद्देशीय परियोजना से सम्बन्धित प्रकरण :

जमरानी बाँध बहुउद्देशीय परियोजना से सम्बन्धित निम्नलिखित प्रकरण/विषय उच्च स्तरीय समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत हैं :-

1.0 जमरानी बाँध बहुउद्देशीय परियोजना हेतु A.D.B. द्वारा निर्गत AID Memoire (17 से 20 फरवरी, 2020) में परियोजना के आर्थिक एवं वित्तीय मूल्यांकन कराने की अपेक्षा की गई है। इस हेतु A.D.B. द्वारा एक आर्थिक विशेषज्ञ (Economic Expert) को लगभग 04 माह हेतु नियुक्त किये जाने का सुझाव दिया गया है। उक्त आर्थिक विशेषज्ञ A.D.B. द्वारा नियुक्त अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक विशेषज्ञ के साथ समन्वय करते हुए परियोजना का आर्थिक एवं वित्तीय मूल्यांकन का कार्य करेगा। A.D.B. द्वारा परियोजना के विभिन्न पर्यावरणीय पहलुओं की A.D.B. के मानको के अनुरूप अध्ययन हेतु एक पर्यावरण विशेषज्ञ (Environmental Expert) लगभग 04 माह हेतु नियुक्त किये जाने का सुझाव दिया है। A.D.B. द्वारा परियोजना के सामाजिक पहलुओं तथा पुनर्वास कार्यों के अध्ययन हेतु एक सामाजिक एवं पुनर्वास विशेषज्ञ (Rehabilitation & Resettlement Expert) लगभग 04 माह हेतु नियुक्त करने का सुझाव दिया है। उक्त विशेषज्ञ A.D.B. द्वारा नामित अन्तर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ के निर्देशन में कार्य करेगा। उपरोक्त के अतिरिक्त परियोजना के तकनीकी कार्यों, A.D.B. के साथ तकनीकी विषयों पर समन्वय हेतु एक तकनीकी विशेषज्ञ (Technical Expert) नियुक्त किया जाना भी प्रस्तावित किया गया था।

उक्त विशेषज्ञों के चयन हेतु समाचार पत्रों के माध्यम से विज्ञप्ति प्रकाशित की गई। उक्त विज्ञप्ति के सापेक्ष प्राप्त आवेदनों में से अर्ह आवेदकों में से परियोजना हेतु वांछित विशेषज्ञों को नामित करने के लिए शासन द्वारा अपर सचिव, पेयजल की अध्यक्षता में एक साक्षात्कार समिति का गठन किया गया, जिसमें अपर सचिव, वित्त, मुख्य महाप्रबन्धक, जल संस्थान, प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लि० एवं प्रमुख अभियन्ता, सिंचाई विभाग सम्मिलित थे। समिति द्वारा दिनांक 26-08-2020 को ऑन लाईन साक्षात्कार कराये गये। उक्त साक्षात्कार में एकमात्र अर्ह तकनीकी विशेषज्ञ द्वारा प्रतिभाग नहीं किया गया। साक्षात्कार समिति द्वारा आर्थिक विशेषज्ञ, पर्यावरण विशेषज्ञ

एवं पुनर्वास विशेषज्ञ का चयन किया गया। परन्तु चयनित पुनर्वास विशेषज्ञ द्वारा परियोजना में कार्य करने हेतु अपनी असमर्थता ईमेल के माध्यम से व्यक्त की गई।

चयनित पर्यावरण विशेषज्ञ श्री राहुल उपाध्याय द्वारा अपने आवेदन में रू0 4.15 लाख प्रतिमाह की मांग की थी तथा आर्थिक विशेषज्ञ श्री ए0राजगोपाल ने रू0 2.50 लाख प्रतिमाह की मांग की थी। उक्त विशेषज्ञों ने नेगोशिएशन के उपरान्त रू0 2.50 लाख प्रतिमाह पर अपनी सेवायें प्रदान करने हेतु सहमति प्रदान की गई है।

| क्र0 सं0 | पदनाम | नाम | वेतनमान प्रतिमाह (रु0) | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पर्यावरण विशेषज्ञ | श्री राहुल उपाध्यय | 2.50 लाख | 4 माह |
| 2. | आर्थिक विशेषज्ञ | श्री ए0राजगोपाल | 2.50 लाख | 4 माह |

अवगतनीय है कि शासन द्वारा सौंग बांध परियोजना एवं जमरानी बांध परियोजना के निर्माण हेतु बाह्य स्रोत से लिए जाने वाले कार्मिकों यथा पर्यावरण विशेषज्ञ, आर्थिक विशेषज्ञ, तकनीकी विशेषज्ञ एवं पुनर्वास विशेषज्ञ हेतु क्रमशः रू0 70,000.00, रू0 70,000.00, रू0 1,50,000.00 एवं रू0 1,50,000.00 प्रतिमाह मानदेय निर्धारित किया है।

शासन द्वारा उक्त दरें पूर्ण परियोजना अवधि के आधार पर निर्धारित की गई हैं जबकि A.D.B. द्वारा दिये गये सुझाव के क्रम में उक्त विशेषज्ञ केवल अल्प अवधि हेतु योजित किये जाने हैं।

**अतः परियोजना हित में उपरोक्त तालिका में अंकित 02 विशेषज्ञों को रू0 2.50 लाख प्रतिमाह की दर पर हेतु योजित किये जाने की स्वीकृति का अनुरोध है।**

**2.0 बाँध निर्माण से पूर्व विभिन्न ढाँचागत विकास कार्यों हेतु स्वीकृति एवं धनावंटन –**

प्रस्तावित जमरानी बाँध बहुउद्देशीय परियोजना के निर्माण से पूर्व विभिन्न ढाँचागत विकास के कार्य एवं A.D.B. द्वारा सुझाये गये कार्य सम्पादित किये जाने है। ऐसे प्रमुख कार्यों का विवरण निम्नानुसार हैः–

(धनराशि रू0 लाख में)

| क्र0 स0 | मद / कार्य का नाम | कार्य की लागत |
|---|---|---|
| 1 | Maintinance and Repair (Roof and Interior) of Building at Gola Sinchai Colony, Damuadhunga, Dist- Nainital | 101.91 |
| 2 | जमरानी बॉध कार्यालय परिसर दमुववढूँगा में मिटिंग हॉल एवं आवासीय कक्षों का निर्माण कार्य | 25.03 |
| 3 | जमरानी परियोजना मण्डल कार्यालय के रखरखाव एवं फर्नीचर आपूर्ति का कार्य | 18.58 |
| 4 | Maintenance and Repairing office J.D.C.D-II Haldwani | 43.12 |
| 5 | बॉध स्थल के पैदल मार्गो का निर्माण एवं बॉध स्थल तथा ड्रिफ्टों के आस–पास के जंगल की सफाई का कार्य | 41.43 |
| 6 | Renovation of Barajhala Field Hostel jamrani, Dist.- Nainital. | 15.00 |
| 7 | गोला सिंचाई कालोनी परिसर में फील्ड हॉस्टल के पुनरोद्धार का कार्य | 9.50 |
| 8 | जमरानी परियोजना क्षेत्र का ड्रोन सर्वे | 24.28 |
| 9 | जमरानी बांध निर्माण खण्ड–2 के अन्तर्गत विभिन्न गोदामो में लेबर की व्यवस्था | 11.92 |
| 10 | डैम एक्सिस के डाउन स्ट्रीम में स्थित गॉवों का सर्वे | 10.00 |

| | | |
|---|---|---|
| 11 | Social Survey Report Compilation | 11.00 |
| 12 | प्रभावित क्षेत्रों के सर्वे कार्यों की टीम हेतु लेबर व्यवस्था | 3.00 |
| 13 | साईट कार्यों हेतु वाहन व्यवस्था | 4.00 |
| 14 | बांध के डूब क्षेत्र से प्रभावित गॉवों में कैम्प आदि की व्यवस्था | 2.00 |
| 15 | जमरानी बांध परियोजना के कमाण्ड क्षेत्र में G.I.S मैपिंग | 49.24 |
| 16 | हैड़ाखान मन्दिर पुनर्निर्माण हेतु कन्सलटेंसी | 20.00 |
| 17 | जमरानी बांध परियोजना में विशेषज्ञ समिति हेतु (i) तकनीकी (ii) सामाजिक (iii) आर्थिक (iv) पर्यावरण | 128.00 |
| 18 | जमरानी बांध परियोजना का टेन्डर स्टेज व डिजाइन तथा ड्राइंग हेतु कन्सल्टैन्सी | 140.00 |
| 19 | Wildlife Research/Study & Monitoring (कैमरा ट्रैप स्टडी) | 34.40 |
| 20 | जमरानी तथा तराई फीडर का वन प्रस्ताव हेतु सर्वे/डी0पी0आर0 गठन का कार्य | 8.00 |
| 21 | जमरानी बांध परियोजना की डी0पी0आर0 हेतु मैसर्स एस0वी0एस0 प्राइवेट लिमिटेड को भुगतान | 81.62 |
| 22 | पर्यावरण स्वीकृति हेतु मैसर्स वायन्ट्स सल्यूशन का भुगतान | 32.00 |
| 23 | अमृतपुर जमरानी मोटर मार्ग में अनुरक्षण का कार्य | 65.00 |
| 24 | Model Study of Jamrani Dam Multipurpose Project | 50.00 |
| | महायोग | **929.03** |
| | | |

वित्तीय वर्ष 2019–20 में उक्त मद के अन्तर्गत जमरानी बाँध परियोजना की डी0पी0आर0 से सम्बन्धित कतिपय कार्यों हेतु धनराशि रू0 94.68 लाख अवमुक्त की गई थी, जिसका पूर्ण उपयोग किया जा चुका है। वित्तीय वर्ष 2020–21 में पुनः जमरानी बाँध परियोजना से सम्बन्धित विभिन्न कार्यों के सापेक्ष धनराशि रू0 198.95 लाख की माँग की गयी थी, जिसके सापेक्ष शासन द्वारा रू0 99.47 लाख अवमुक्त किया जा चुका है। उक्त धनराशि का व्यय करने के पश्चात् अवशेष धनराशि रू0 99.48 लाख अवमुक्त किये जाने हेतु प्रकरण शासन को प्रेषित किया गया है, जिस पर धनावंटन अपेक्षित है।

जमरानी बांध परियोजना से सम्बन्धित विविध कार्यों के सापेक्ष धनावंटन किया जाना प्रस्तावित है :–

| | | |
|---|---|---|
| ढांचागत कार्यों की कुल लागत | – | रू0 929.03 लाख |
| अब तक स्वीकृत धनराशि | – | रू0 293.63 लाख |
| स्वीकृति/अनुमोदन हेतु धनराशि | – | रू0 635.40 लाख |

**अतः जमरानी बांध परियोजना से सम्बन्धित विभिन्न ढांचागत विकास कार्यों हेतु धनराशि रू0 635.40 लाख की प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृति का अनुरोध है।**

3.0 भविष्य में जमरानी बाँध परियोजना के लिये धनावंटन सिंचाई विभाग के माध्यम से UPDCC (Uttarakhand Project Development & Construction Corporation) के अन्तर्गत जमरानी बांध परियोजना हेतु गठित परियोजना क्रियान्वयन इकाई (PIU) को किया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु सिंचाई विभाग के बजट में **"उत्तराखण्ड परियोजना विकास एवं निर्माण निगम–जमरानी बांध परियोजना"** का एक नया मद खोला जाना प्रस्तावित है। **अतः समिति से प्रस्ताव की स्वीकृति का अनुरोध है।**

# सौंग बाँध पेयजल परियोजना के विषय

High Power Committee (HPC) के विचारार्थ तथा तदोपरान्त अनुमोदनार्थ निम्न बिन्दु संज्ञान में लाया जाना आवश्यक है :–

1.0 परियोजना के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक अवस्थापना विकास (Infrastructure Development) जैसे सड़क, पुल इत्यादि जो बांध निर्माण के पूर्व आवश्यक है, पर निम्नानुसार धनावंटन हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में कैबिनेट द्वारा सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | वन भूमि –एनपी0वी0 वैल्यू एवं सी0ए0 आदि | – | 26.00 करोड़ |
| (ii) | CAT Plan | – | 23.00 करोड़ |
| (iii) | लगभग 25 किमी0 लम्बाई में सड़क निर्माण | – | 17.00 करोड़ |
| (iv) | 02 पुल का निर्माण | – | 07.50 करोड़ |
| (v) | आवश्यक अनुसंधान कार्य | – | 02.00 करोड़ |
| (vi) | पुनर्वास स्थल का विकास | – | 90.00 करोड़ |
| | **योग** | – | 165.00 करोड़ |

**अतः सौंग बांध परियोजना से संबंधित उपरोक्त कार्यों हेतु धनराशि रू0 165.00 करोड़ की प्रशासकीय / वित्तीय स्वीकृति का अनुरोध है।**

2.0 सौंग बांध परियोजना के निर्माण हेतु मालदेवता–हिलांसवाली–रगड़गांव घुत्तु सड़क जो की वर्तमान में अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0 ऋषिकेश द्वारा लगभग 7.0 कि0मी0 निर्मित (मात्र कटिंग का कार्यपूर्ण) है को परियोजना के निर्माण हेतु सिंचाई विभाग को हस्तांनान्तरित किया जाना आवश्यक है, जिस हेतु पूर्व में प्रमुख अभियन्ता, सिंचाई विभाग द्वारा प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0 को दिनांक 25.07.2018 को पत्र प्रेषित किया जा चुका है। **अतः उपरोक्त सड़क को सिंचाई विभाग को हस्तान्तरित किये जाने की स्वीकृति का अनुरोध है।**

3.0 भविष्य में सौंग बाँध परियोजना के लिये धनावंटन सिंचाई विभाग के माध्यम से UPDCC (Uttarakhand Project Development & Construction Corporation) के अन्तर्गत सौंग बांध परियोजना हेतु गठित परियोजना क्रियान्वयन इकाई (PIU) को किया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु सिंचाई विभाग के बजट में **''उत्तराखण्ड परियोजना विकास एवं निर्माण निगम–सौंग बांध परियोजना''** का एक नया मद खोला जाना प्रस्तावित है। **अतः समिति से प्रस्ताव की स्वीकृति का अनुरोध है।**

4.0 सौंग बांध परियोजना से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास हेतु पुनर्वास नीति का आलेख समिति के सम्मुख अवलोकनार्थ एवं मार्ग निर्देशन हेतु प्रस्तुत है।

# जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना के अन्तर्गत प्रस्तावित ढांचागत विकास कार्य

(धनराशि रु0 लाख में)

| क्र0 स0 | मद / कार्य का नाम | कार्य की लागत |
|---|---|---|
| 1 | Maintinance and Repair (Roof and Interior) of Building at Gola Sinchai Colony, Damuadhunga, Dist.- Nainital | 101.91 |
| 2 | जमरानी बॉध कार्यालय परिसर दमुवढ़ूँगा में मिटिंग हॉल एवं आवासीय कक्षों का निर्माण कार्य | 25.03 |
| 3 | जमरानी परियोजना मण्डल कार्यालय के रखरखाव एवं फर्नीचर आपूर्ति का कार्य | 18.58 |
| 4 | Maintenance and Repairing office J.D.C.D-II Haldwani | 43.12 |
| 5 | बॉध स्थल के पैदल मार्गो का निर्माण एवं बॉध स्थल तथा ड्रिफ्टों के आस-पास के जंगल की सफाई का कार्य | 41.43 |
| 6 | Renovation of Barajhala Field Hostel jamrani, Dist.- Nainital. | 15.00 |
| 7 | गोला सिंचाई कालोनी परिसर में फील्ड हॉस्टल के पुनरोद्धार का कार्य | 9.50 |
| 8 | जमरानी परियोजना क्षेत्र का ड्रोन सर्वे | 24.28 |
| 9 | जमरानी बांध निर्माण खण्ड-2 के अन्तर्गत विभिन्न गोदामो में लेबर की व्यवस्था | 11.92 |
| 10 | डैम एक्सिस के डाउन स्ट्रीम में स्थित गॉवों का सर्वे | 10.00 |
| 11 | Social Survey Report Compilation | 11.00 |
| 12 | प्रभावित क्षेत्रों के सर्वे कार्यों की टीम हेतु लेबर व्यवस्था | 3.00 |
| 13 | साईट कार्यो हेतु वाहन व्यवस्था | 4.00 |
| 14 | बांध के डूब क्षेत्र से प्रभावित गॉवों में कैम्प आदि की व्यवस्था | 2.00 |
| 15 | जमरानी बांध परियोजना के कमाण्ड क्षेत्र में G.I.S मैपिंग | 49.24 |
| 16 | हैड़ाखान मन्दिर पुनर्निर्माण हेतु कन्सलटेंसी | 20.00 |
| 17 | जमरानी बांध परियोजना में विशेषज्ञ समिति हेतु (i) तकनीकी<br>(ii) सामाजिक<br>(iii) अर्थशास्त्री<br>(iv) पर्यावरण | 128.00 |
| 18 | जमरानी बांध परियोजना का टेन्डर स्टेज व डिजाइन तथा ड्राइंग हेतु कन्सल्टैन्सी | 140.00 |
| 19 | Wildlife Research/Study & Monitoring (कैमरा ट्रैप स्टडी) | 34.40 |
| 20 | जमरानी तथा तराई फीडर का वन प्रस्ताव हेतु सर्वे / डी0पी0आर0 गठन का कार्य | 8.00 |
| 21 | जमरानी बांध परियोजना की डी0पी0आर0 हेतु मैसर्स एस0वी0एस0 प्राइवेट लिमिटेड को भुगतान | 81.62 |
| 22 | पर्यावरण स्वीकृति हेतु मैसर्स वायन्ट्स सल्यूशन का भुगतान | 32.00 |
| 23 | अमृतपुर जमरानी मोटर मार्ग में अनुरक्षण का कार्य | 65.00 |
| 24 | Model Study of Jamrani Dam Multipurpose Project | 50.00 |
| | महायोग | **929.03** |

## सिंचाई विभाग विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनपद नैनीताल–जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना के निर्माण से सम्बन्धित विविध प्रारम्भिक आवश्यक कार्यो का आगणन की योजना के अनुमोदनार्थ मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 22 जुलाई, 2021 को आयोजित व्यय वित्त समिति की बैठक का कार्यवृत्त

मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न व्यय वित्त समिति की बैठक दिनांक 22 जुलाई, 2021 में उक्त प्रस्ताव पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक में निम्न अधिकारीगण उपस्थित थे:–

1. श्रीमती मनीषा पंवार, अपर मुख्य सचिव, नियोजन विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2. श्रीमती सौजन्या, सचिव, वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
3. श्री एच0सी0 सेमवाल, सचिव, सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
4. डॉ0 वी0 षणमुगम, सचिव (प्रभारी), नियोजन/वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
5. श्री मुकेश मोहन, प्रमुख अभियन्ता, सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड।
6. श्री ओम प्रकाश, मुख्य अभियन्ता, प्रतिनिधि प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड।
7. श्री गंगा प्रसाद पन्त, तकनीकी विशेषज्ञ, राज्य योजना आयोग, उत्तराखण्ड।
8. श्री डी0डी0 डालाकोटी, सलाहकार (अभियन्त्रण), राज्य योजना आयोग, उत्तराखण्ड।
9. श्री प्रशान्त विशनोई, महाप्रबन्धक (पी0आई0यू0), जमरानी बांध परियोजना, उत्तराखण्ड।

1. **कार्य की आवश्यकता एवं औचित्य** :– जनपद नैनीताल के हल्द्वानी एवं तराई भावर क्षेत्र एवं उत्तर प्रदेश के रामपुर एवं बरेली जनपद में सिंचाई सुविधाओं के विकास एवं हल्द्वानी शहर एवं पेयजल की आवश्यकता के दृष्टिगत जमरानी बांध का निर्माण प्रस्तावित है।

पूर्व में अविभाजित उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा 70 के दशक में जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना प्रस्तावित की गयी थी। परियोजना में 145 मीटर ऊँचा Rock-fill dam तथा व्यावर्तन हेतु डाउन स्ट्रीम में बैराज का निर्माण एवं 40.50 कि0मी0 लम्बी पोषक नहरों का निर्माण प्रस्तावित किया गया था। वर्ष 80 के दशक तक बैराज का निर्माण एवं नहर प्रणाली का निर्माण वर्ष 1981–82 में पूर्ण किया जा चुका है, लेकिन बांध के प्रकार एवं ऊचाई के बारे में निर्णय न होने के कारण बांध निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका।

2. **व्यय वित्त समिति की बैठक से पूर्व प्रस्तुत राज्य योजना आयोग का अभिमत** :–

2.1 योजना के सम्बन्ध में विभागीय समिति की बैठक सचिव, सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में दिनांक 26.03.2021 को सम्पन्न हुई जिसमें आगणन की स्वीकृति हेतु व्यय वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जाने संस्तुति की गयी है।

2.2 जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना, केन्द्रीय जल आयोग, भारत सरकार की तकनीकी सलाहकार समिति द्वारा लागत रू0 2584.10 करोड (केन्द्रीय जल आयोग की नदी घाटी परियोजनाओं हेतु निर्धारित दरें वर्ष 2018 पर आधारित) का अनुमोदन दिनांक 11.02.2019 को किया गया है।

2.3 आर्थिक कार्य विभाग, भारत सरकार द्वारा उक्त परियोजना को ए0डी0बी0 के माध्यम से वित्त पोषण हेतु दिनांक 08.01.2020 को सहमति दी गयी।

क्रमशः पृष्ठ–2/–

2.4 बांध परियोजना को वाह्य सहायतित परियोजना के रूप में एशियन डेवलपमेन्ट बैंक के माध्यम से 80:20 के अनुपात के वित्त व्यवस्था के अन्तर्गत क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया।

2.5 परियोजना से लाभान्वित होने वाली उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के मध्य लागत एवं जल बटवारे के सम्बन्ध में दिनांक 22.02.2018 को एम0ओ0यू0 निष्पादित किया गया। उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा जल वितरण प्रणाली को छोडकर सिंचाई अंश की 57 प्रतिशत लागत वहन की जायेगी, शेष लागत उत्तराखण्ड राज्य द्वारा वहन की जायेगी।

2.6 ए0डी0बी0 मिशन टीम द्वारा दिनांक 17 से 20 फरवरी, 2020 के मध्य परियोजना कार्य के स्थल का निरीक्षण किया तथा विभागीय अधिकारियों के साथ परियोजना के विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर व्यापक विचार–विमर्श किया गया।

2.7 भ्रमण के उपरान्त टीम द्वारा निर्गत किये गये Aide Memoire के माध्यम से मुख्यतः कुछ बिन्दुओं पर कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा की गयी जिनके अनुपालन में विभाग द्वारा निम्नांकित कार्य इस आगणन में प्रस्तावित किये गये है।

उपरोक्त के क्रम में आगणन में प्रस्तावित कार्य एवं उनकी लागत का विवरण निम्नवत् है :–

(धनराशि रू0 लाख में)

| क्र0 सं0 | मद / योजना का नाम | DSR | SOR | NSI |
|---|---|---|---|---|
| **अ)** | **जमरानी बांध परियोजना हेतु विभिन्न अध्ययनों के कार्य** | | | |
| 1 | जमरानी बांध परियोजना के कमाण्ड क्षेत्र में जी0आई0एस0 मैपिंग | | | 47.35 |
| 2 | Wild Life Research / Study & Monitoring (कैमरा ट्रैप स्टडी) | | | 34.40 |
| 3 | जमरानी परियोजना क्षेत्र का ड्रोन सर्वे | | | 19.34 |
| 4 | Model Study of Jamrani Dam Multipurpose Project | | | 48.00 |
| **ब)** | **जमरानी बांध परियोजना हेतु कन्सलटेन्सी कार्य** | | | |
| | हैडाखान मन्दिर पुनर्निर्माण हेतु कन्सलटेंसी | | | 19.45 |
| | जमरानी बांध परियोजना में विशेषज्ञ समिति हेतु<br>तकनीकी<br>सामाजिक<br>अथशास्त्री<br>पर्यावरण | | | 124.13 |
| | जमरानी बांध परियोजना का टेन्डर स्टेज व डिजाइन तथा ड्राइंग हेतु कन्सल्टैन्सी | | | 133.53 |

क्रमशः पृष्ठ–3/–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | Social Survey Report Compilation | | | 8.74 |
| | जमरानी तथा तराई फीडर का वन प्रस्ताव हेतु सर्वे एवं डी0पी0आर0 गठन का कार्य | | | 7.63 |
| | जमरानी बांध परियोजना की डी0पी0आर0 हेतु मैसर्स एस0वी0एस0 प्राइवेट लिमिटेड को भुगतान | | | 17.73 |
| | पर्यावरण स्वीकृति हेतु मैसर्स वायन्ट्स सल्यूशन का भुगतान | | | 1.21 |
| **स)** | **आवासीय/अनावासीय भवनों एवं मोटर मार्ग के अनुरक्षण/मरम्मत का कार्य।** | | | |
| | Maintenance and Repair (Roof and Interior) of Residential Building at Gola Sinchai Colony, Damuadhunga Dist. Nainital | 30.24 | | |
| | Maintenance and Reparing office JDCD-II Haldwani | 17.91 | | 2.20 |
| | गौला सिंचाई कालोनी परिसर में फील्ड हॉस्टल के पुनरोद्धार का काय | 7.09 | | 2.40 |
| | बांध स्थल के पैदल मार्गो एवं पहुच मार्ग का निर्माण एवं बांध स्थल तथा ड्रिफ्टों के आस–पास के जंगल की सफाई का कार्य। | | 19.51 | |
| | अमृतपुर जमरानी मोटर मार्ग में अनुरक्षण का कार्य | | 60.79 | 3.65 |
| | जमरानी बांध निर्माण खण्ड–2 के अन्तर्गत विभिन्न गोदामों में लेबर की व्यवस्था | | | 11.92 |
| | **योग** | **55.24** | **80.30** | **481.68** |
| | Contingency @ 3% on S.I. Item | 1.66 | 2.15 | |
| | **योग** | **56.90** | **82.45** | **481.68** |
| | **कुल योग** | **621.03 लाख** | | |

**परियोजना की कुल लागत :— रू0 621.03 लाख**

2.8 जमरानी बांध परियोजना के कमाण्ड क्षेत्र में जी0आई0एस0 मैपिंग के कार्य हेतु पूर्व में शासनादेश संख्या–488 दिनांक 10.03.2021 द्वारा रू0 47.35 लाख विभाग को अवमुक्त की जा चुकी है।

**3 व्यय वित्त समिति में विस्तृत चर्चा के उपरान्त निर्णय :—**

प्रश्नगत योजना के सम्बन्ध में व्यय वित्त समिति में विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी चर्चा के उपरान्त मुख्य सचिव महोदय/अध्यक्ष, व्यय वित्त समिति द्वारा आगणन में प्रस्तावित सभी कार्यो को निर्धारित समय अवधि में अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

क्रमशः पृष्ठ–4/—

इसी क्रम में यह भी निर्देश दिये गये कि **परियोजना निर्माण कार्यो के क्रियान्वयन हेतु गठित Project Implementation Unit (PIU) में श्रेष्ठ कार्य कुशलता, तकनीकी अनुभव एवं उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन वाले अधिकारियों की ही पद स्थापना की जाय ताकि राज्य की महत्वकाक्षी परियोजना को निर्धारित समय में पूर्ण किया जा सकें।**

प्रशासकीय विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव लागत सार–2.7 (Summary of Cost) **में अंकित लागत के सारांश–2.7 में उल्लिखित मदवार विवरण राज्य योजना आयोग स्तर पर परीक्षणोपरान्त लागत धनराशि रू0 621.03 लाख** को निम्न प्रतिबन्धों के साथ अनुमोदित किया गया :–

3.1 कार्यो की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय, अनुरक्षण एवं पुनर्निर्माण के कार्यो में गुणवत्ता नियन्त्रण का विशेष ध्यान रखा जाय।

3.2 सामग्री एवं उपकरण क्रय हेतु ई–प्रोक्योरमेन्ट एवं जैम पोर्टल/पारदर्शी एवं खुली निविदा के माध्यम से वित्तीय नियमों के अनुसार अधिप्राप्ति नियमावली–2017 का अक्षरसः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

3.3 योजना कार्यो पर मदवार उतना ही व्यय किया जाय जितनी मदवार धनराशि स्वीकृत की गयी है। स्वीकृत धनराशि से अधिक व्यय कदापि न किया जाय।

3.4 निर्माण सामग्री यथा रेत, बजरी, स्टोन, पाईप, cement एवं अन्य का I.S.Code के मानको के अनुरूप N.A.B.L. Laboratory से परीक्षण कराते हुए मानक विशिष्टियों के अनुरूप गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित की जाय।

3.5 कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व कार्य के समस्त Design and Drawing सक्षम स्तर से अनुमोदित कराया जाय।

3.6 आगणन में सिविल निर्माण कार्य हेतु एस0ओ0आर0 की दरें ली गई है एवं उसी के अनुरूप मदें एवं विशिष्टयां भी उल्लिखित है। विशिष्टयों तथा दरों में परिवर्तन की दशा में कार्य की कुल स्वीकृत लागत में भी परिवर्तन हो सकता है। ऐसी स्थिति में प्रशासकीय विभाग के विभागाध्यक्ष की स्वीकृति अनिवार्य होगी। अतः मितव्ययता के दृष्टिकोण से यह अपरिहार्य है कि कार्यदायी संस्था योजना की तकनीकी स्वीकृति प्रदान करते समय उन्ही मदों का आगणन में समावेश करेंगे जो अपरिहार्य मदें है।

3.7 मितव्ययता के दृष्टिकोण से यथासम्भव स्थानीय उपलब्ध सामग्री का ही उपयोग करेंगे तथा होने वाली बचतों से भी नियोजन को अवगत करायेंगे।

3.8 प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष मद संख्या–अ(1) हेतु पूर्व में धनराशि रू0 47.35 लाख अवमुक्त की जा चुकी है स्वीकृति निर्गत करते समय प्रशासनिक विभाग द्वारा इसका समायोजन कर लिया जाय।

व्यय वित्त समिति के उपरोक्त क्रमांक 3.1–3.8 तक निहित शर्तो का कडाई से पालन सुनिश्चित किया जाय तथा अधिप्राप्ति नियमावली–2017 के प्राविधानों पर शत–प्रतिशत अनुपालन किया जाय।

**उक्त प्रतिबन्धों का समावेश इस सम्बन्ध में जारी किये जाने वाले शासनादेश में अवश्यमेव कर लिया जाय।**

अन्त में अध्यक्ष, व्यय वित्त समिति द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

**( मनीषा पंवार )**
अपर मुख्य सचिव

क्रमशः पृष्ठ–5/–

**उत्तराखण्ड शासन,**
**राज्य योजना आयोग**
**(नियोजन विभाग)**
**संख्या 845 /723/ई0एफ0सी0/सिंचाई/रा0यो0आ0/2021–22**
**देहरादूनः दिनांकः 30, जुलाई, 2021**

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव, सिंचाई विभाग, उत्तरखण्ड शासन।
2. सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन।
3. प्रोग्रामर, राज्य योजना आयोग, उत्तराखण्ड को इस आशय से प्रेषित कि कार्यवृत्त को वेबसाइट में अपलोड करे।

(डॉ0 वी0 षणमुगम)
सचिव (प्रभारी)